# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B' श्रेणी)
*सम्बद्ध*
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : digvijayans@gmail.com
: dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक 24.09.2019

## प्रकाशनार्थ

आज दिनांक 24.09.2019 को महाविद्यालय में नूतन शैक्षिक सत्र के लिए विगत वर्षों की भांति इस वर्ष पठन–पाठन, अनुशासन, सांस्कृतिक गतिविधियों, क्रीड़ा तथा अन्य शिक्षणेत्तर कार्यों के कुशल संचालन हेतु महाविद्यालय एवं विभागीय स्तर पर छात्र–परिषद का गठन किया गया, जिसमें प्रत्येक कक्षा के दो प्रतिनिधि विभाग द्वारा चयनित किये गये, इसमें कुल छः प्रतिनिधि स्नातक तक के विभागों तथा दस प्रतिनिधि स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर के विभागों से हैं। इसके अतिरिक्त एन.एस.एस., रोवर्स/रेंजर्स, क्रीड़ा विभाग के तीन–तीन प्रतिनिधि नामित किये गये इस प्रकार परिषद के कुल सदस्यों की नामित संख्या के माध्यम से वृहद कार्यकारणी 153 सदस्यों की गठित हुई। परिषद प्रमुख के रूप में बी.एड. भाग एक के छात्र शशिकान्त पाण्डेय, मिथिलेश कुमार यादव, एम.ए. भाग दो, करिश्मा वारसी एम.काम. भाग दो, तथा नाहिदा खातून एम.ए. भाग दो तथा शेष प्रतिनिधियों को कक्षावार सह–प्रमुख के रूप में सर्वसम्मति से नामित किया गया।

छात्र परिषद को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने महाविद्यालय के कुशल संचालन में विद्यार्थियों की भूमिका के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जब तक हमारे विद्यार्थी महाविद्यालय की प्रत्येक गतिविधियों से जुड़ेगे नहीं तथा आवश्यक सुझाव व सहयोग नहीं देंगे, तब तक महाविद्यालय अपने उद्देश्यों की पूर्ति सुचारू रूप से नहीं कर पायेगा। अतः इसके लिए आवश्यक है कि प्रत्येक सहप्रमुख अपनी कक्षा से 50–60 विद्यार्थियों को पंजीकृत करें और उनसे जुड़े, प्रत्येक प्रमुख 40–40 सहप्रमुखों से जुड़े तथा महाविद्यालय की समस्त गतिविधियों में अपनी सहभागिता और सुझाव को सुनिश्चित करे। इसके लिए समय–समय पर प्रमुख बैठक आयोजित कर सकते हैं।

इस अवसर पर डॉ. अमरनाथ तिवारी ने नैक मूल्यांकन से सम्बंधित सभी तथ्यों को प्रोजेक्टर के माध्यम से छात्र प्रतिनिधियों को अवगत कराया। डॉ. नीरज सिंह ने महाविद्यालय की बेवसाइट के संदर्भ में जानकारी देते हुए छात्रों से सुझाव भी मांगा और बेवसाइट के जरिए जानकारी प्राप्त करने का अनुरोध भी किया। महाविद्यालय के बी.ए. भाग तीन के छात्र श्री शुभम मिश्रा के नेतृत्व में कुल 12 विद्यार्थियों ने अपनी सेवा महाविद्यालय के प्रगति और विकास में देने का निर्णय किया, जिसे प्राचार्य ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। छात्र परिषद का गठन और उसके आयोजन और नियोजन का दायित्व परिषद के प्रभारी श्री भगवान सिंह द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष श्री अवधेश शुक्ल, शिक्षक अभिभावक समिति प्रमुख डॉ. अखण्ड प्रताप सिंह, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी श्री सुरेन्द्र चौहान, मुख्य नियंता डॉ. आर.पी. यादव, एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. रविन्द्र कुमार व डॉ. सुनील कुमार सिंह, डॉ. संजय कुमार तिवारी सहित अनेक शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे।

**डॉ.(मुरली मनोहर तिवारी)**
**सूचना एवं जनसम्पर्क प्रभारी**